TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

01 अक्टूबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अपने आप की दूसरों के साथ तुलना मत करो।

बिल गेट्स



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

1 अक्टूबर

## मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर




वैसे तो वरिष्ठ जनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए। लेकिन उनके प्रति मन में छुपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए एवं बुजुर्गों के प्रति चिंतन की आवश्यकता के लिए औपचारिक तौर पर भी एक दिन निश्चित किया गया है। अत: प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर का दिन "अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस" के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय विरंजन दिवस मनाने की शुरुआत सन 1990 में की गई थी। विश्व में बुजुर्गों के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार और अन्याय को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए 14 दिसंबर 1990 को यह निर्णय लिया गया। यह तय किया गया कि हर साल 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 1 अक्टूबर 1991 को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन्म दिवस मनाया गया।हालांकि इसके पहले भी बुजुर्गों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए उनके लिए इस तरह की पहल की जा चुकी थी। सन 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन(WHO) द्वारा "वृद्धावस्था को सुखी बनाए" का नारा देकर सबके लिए "स्वास्थ्य अभियान" शुरू किया गया। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1991 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरुआत के बाद 1999 को "अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस" के रूप में मनाया गया था। इस दिन को पूरी तरह से बुजुर्गों के लिए समर्पित किया गया है। उनके लिए वृद्धाश्रम में भी कई तरह के आयोजन किए जाते हैं और उनकी खुशी और सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाता है। खास तौर से उनकी सुविधाओं और समस्याओं पर विचार किया जाता है एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता से ध्यान दिया जाता है।

# जयंती विशेष 01 अक्टूबर




**शारदा सिन्हा** *Sharda Sinha*, जन्म- 1 अक्टूबर, 1952 निधन: 5 नवंबर 2024) भारतीय राज्य बिहार की लोकप्रिय गायिका हैं। उन्होंने मैथिली, भोजपुरी के अलावा हिन्दी गीत भी गाये हैं। कई हिन्दी फ़िल्मों के लिए भी शारदा सिन्हा ने गीत गाए हैं। लोकगीतों के लिए उन्हें 'बिहार कोकिला', 'पद्म श्री' (1991) तथा 2018 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था।

# MATH TLM

Class-6to8

46

## महत्वपूर्ण सूत्र ( ब्याज )

- $$\text{समय} = \frac{\text{ब्याज} \times 100}{\text{मूलधन} \times \text{दर}}$$

जैसे -मूलधन=200रु, दर=4% वर्ष,
ब्याज=40रु, समय=?

$$\text{हल} = \frac{40 \times 100}{200 \times 4} = 5 \text{ वर्ष}$$

Anu Priya, Science Teacher





# TOB



## खेल कॉर्नर








# भारत टी-20 सुपर ओवर में कभी नहीं हारा

| खिलाफ | मैदान | तारीख |
|---|---|---|
| पाकिस्तान | डरबन | 14 सितंबर 2007 |
| न्यूज़ीलैंड | हैमिल्टन | 29 जनवरी 2020 |
| न्यूज़ीलैंड | वेलिंगटन | 31 जनवरी 2020 |
| न्यूज़ीलैंड | नेपियर | 22 नवंबर 2022 |
| अफगानिस्तान | बेंगलुरु | 17 जनवरी 2024 |
| श्रीलंका | पल्लेकले | 30 जुलाई 2024 |
| श्रीलंका | दुबई | 27 सितंबर 2025 |



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **01.10.2025**

## व्यक्तिगत शिक्षण विधि

व्यक्तिगत शिक्षण विधि एक शैक्षिक दृष्टिकोण है जहाँ शिक्षण सामग्री और विधियों को प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत शक्तियों, आवश्यकताओं, रुचियों और सीखने की गति के अनुसार अनुकूलित किया जाता है। इसका उद्देश्य प्रत्येक छात्र को उनकी विशिष्ट सीखने की शैली, ज्ञान और पृष्ठभूमि के आधार पर एक व्यक्तिगत शिक्षण योजना प्रदान करना है, जिससे वे अपनी गति से सीख सकें और अपनी प्रगति पर नियंत्रण रख सकें।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



चीन के ग्वांग्जू शहर में चल रही **वर्ल्ड पैरा आर्चरी चैंपियनशिप** में भारत की 18 साल की पैरा खिलाड़ी **शीतल देवी** ने **गोल्ड मेडल** जीतने के साथ इतिहास रच दिया है।

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### लीची



मुझमें विटामिन C, B-6, राइबोफ्लेविन, तांबा, पोटेशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, फाइबर ,मैंगनीज, आदि भरपूर मात्रा में पाया जाता है

Anu priya

www.teachersofbihar.org

# पद्य पंकज

"

पर को न मालिन करता आना
पद चिन्ह न दे जाता जाना
सुधि मेरे आगम की जगह में
सुख की सिहरन  बन अंत खिली!

---

**महादेवी वर्मा**


Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस
पर अपनी खुशी से स्वैच्छिक रक्तदान कर
जरूरतमंद रोगियों की
तत्काल जरूरत को पूरा करें और
किसी को मुस्कुराने की वजह दें।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
1 अक्टूबर
राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


1 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
दुनिया भर में वृद्धों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, भेदभाव, उपेक्षा
और अन्याय को रोकें, औरों को भी जागरुक करे।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

## जन्मदिवस पर अशेष मंगलकामनाएं।



# रामनाथ कोविन्द

## (पूर्व राष्ट्रपति)

## 1 अक्टूबर 1945

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

www.teachersofbihar.org

Madhu priya